Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:47 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 66 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 27 अगस्त 2024



स्त्री 3 में विलेन की भूमिका ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## मसूरी लंढौर के पास भूस्खलन, कर्णप्रयाग में हाईवे बंद होने से फंसे यात्री

**देहरादून।** मसूरी लंढौर मार्ग स्थित बेकरी हिल के पास सुबह भूस्खलन हुआ। यहां भारी भरकम पुस्ता गिरने से एक आवासीय मकान भी खतरे की जद में आ गया है। शहर में लगातार जारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुमाऊं और गढ़वाल जाने वाले सैकड़ों यात्री फंसे हैं। कर्णप्रयाग ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग बैनोली और सुनल में बंद है।

# कोलकाता डॉक्टर केस: पुलिस का छात्र संगठनों के नबन्ना मार्च पर लाठी चार्ज

कोलकाता

एजेंसी

अभियान
- पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले
- पुलिसकर्मियों के साथ भिड़ गए और बैरिकेड तोड़

पड़ोसी देश बांग्लादेश में छात्रों के आंदोलन से सरकार का तख्तापलट होने के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी छात्र गर्मा रहे हैं।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दरिंदगी से दुष्कर्म और फिर उसकी निर्मम तरीके से हत्या करने के मामले में छात्र संगठन नबन्ना अभियान मार्च निकाल रहे हैं। इस प्रदर्शन को लेकर कोलकाता में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।



आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स को खींचकर हटा दिया और नबन्ना अभियान मार्च निकाला।

पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, पुलिस ने हावड़ा ब्रिज से प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

आरजी कर मामले में नबन्ना अभियान मार्च निकालते हुए प्रदर्शनकारी हावड़ा के संतरागाछी में पुलिस बैरिकेड पर चढ़ गए। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों के साथ भिड़ गए और बैरिकेड तोड़ दिए। इस पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

नर्स हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग उठाई

# महिला उत्पीड़न के विरोध में सड़क पर उतरीं महिला कांग्रेस

### बैरिकेडिंग तोड़ अंदर जाने का प्रयास, पुलिस से धक्का-मुक्की, रौतेला हुई बेहोश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

महिला उत्पीड़न के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने पुलिस कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस ने पुलिस के बैरिकेडिंग तोड़ अंदर जाने के प्रयास को पुलिस ने असफल कर दिया। बैरिकेडिंग कूद कर अंदर जाने के प्रयास में प्रदेश अध्यक्ष बेहोश हो गई।

पुलिस के भी होश उड़ गए। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में महिलाओं ने पुलिस कार्यालय के कूच किया। पुलिस ने महिलाओं को रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग लगा रखी थी। एक बैरिकेडिंग को महिला कार्यकर्ताओं ने पार किया और धरने पर बैठ गई। इसके बाद महिला कार्यकर्ताओं ने दूसरे बैरिकेडिंग को पार किया तो पुलिस ने रोक दिया।

इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की पुलिस कर्मियों के साथ झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। महिला कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय में जाने की जिद पर अड़ी रही। ज्योति रौतेला ने बैरिकेडिंग के ऊपर से आने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस बीच पुलिस की और महिला कांग्रेस से तीखी नोंकझोंक हुई और धक्का मुक्की भी हुई। इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेरिकेडिंग को पार करते समय बेहोश हो गई। उन्हें महिला कार्यकर्ता उठा कर छाया में ले गए। महिलाओं का आरोप था कि पुलिस नर्स हत्याकांड के असली आरोपी को बचा रही है। उन्होंने नर्स हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग कर रही। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला को नर्स हत्याकांड के मामले की पूरी जानकारी। उन्होंने बताया कि एसआईटी भी जांच कर रही। एसएसपी ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि पुलिस हत्यारोपी के खिलाफ जल्दी ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एसएसपी से पुलिस के व्यवहार पर नाराजगी जताई। कहा कि पुलिस का व्यवहार ठीक नहीं रहा। हम लोग तो शांति पूर्वक एसएसपी से मिलने आ रहे थे। पुलिस ने पहले ही बैरिकेडिंग लगा कर रोक दिया।





# महिला को सम्मोहित कर लाखों के गहने व नगदी चुराई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

महिला को सम्मोहित कर दो युवकों ने सोने के लाखों के सोने के आभूषण और नगदी चुरा ली। महिला ने युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिठौरिया नंबर एक निवासी आनंदी सती पत्नी सुनील दत्त ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह वह बीती 23 अगस्त की दोपहर को वह नैनीताल रोड स्थित एक बैंक में काम से जा रही थी। जब वह एसडीएम कार्यालय के पास पहुंची तभी एक बच्चा रोते हुए रामपुर जाने के लिए पैसों की मदद मांग रहा था। महिला का आरोप है कि इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति उसके पास आया और उसके मुंह के सामने लाल रंग का रैपर फेरा जिससे वह मदहोश अवस्था में आ गई और उसके पीछे-पीछे चलने लगी। महिला काक हना है कि वह उसे प्रेम टाकीज होते हुए रेलवे क्रासिंग के आसपास ले गये। जहां पर दोनों ने हाथ में पहना हुआ सोने का कंगन, 3 अंगूठी जिनमें से 1 अगूंठी डायमण्ड और 2 सोने की अंगूठी और पर्स में रखे हुए 3000 हजार रूपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए। जब वह कुछ होश में आई तो उसे लूटे जाने का एहसास हुआ। वह बदहवास हाल में कोतवाली पहुंची जहां पर उसने आसप बीती सुनाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज चैक किए तो उसमें दो युवक महिला का पीछा करत हुए नजर आए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## शोरूम के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** कार शोरूम के बाहर खड़ी बाइक चोरों ने पार कर ली। बाइक स्वामी ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पनियाली कठघरिया निवासी मनोज कुमार पुत्र किशोर राम ने पुलिस को दी तहरीर में ककहा है कि बरेली रोड स्थित एक कार शोरूम में काम करता है। 16 अगस्त को उसने अपनी बुलेट मोटर साइकिल शोरूम की पार्किंग में खड़ा किया था। शाम को जब उसकी ड्यूटी समाप्त हुई तो उसकी बुलेट गायब थी। पीड़ित ने बुलेट बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

# आफत की बारिश: पांच राज्यों में तीन दिन भारी बारिश व बाढ़ का अलर्ट

नई दिल्ली

हमारे संवाददाता

गुजरात और पश्चिमी राजस्थान में आफत की बारिश हो रही है। मुंबई समेत पश्चिमी और मध्य महाराष्ट्र और गोवा में भी मूसलाधार बारिश हुई है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई राज्यों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

देश के कई हिस्सों, विशेष तौर पर मध्य व पश्चिमी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ रहे हैं। गुजरात में दो दिनों से हो रही बारिश से अहमदाबाद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वहीं, मौसम विभाग ने गुजरात के साथ ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, गोवा और महाराष्ट्र में अगले दो से तीन दिन भारी वर्षा और आकस्मिक बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। मोरबी में नदी के बाढ़ वाले रास्ते को पार करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली बह गई, जिसमें 10 लोगों को बचा लिया गया है, 8 पर अभी सात लोग लापता हैं। वहीं, जम्मू कश्मीर के रामबन में बादल फटने से नाले में अचानक आई बाढ़ में महिला और उसके दो बच्चे बह गए।



# दरोगा पर मारपीट का आरोप, छात्रों ने घेरा पुलिस चौकी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज पर मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कई छात्रों ने देर रात हल्दूचौड़ चौकी पर प्रदर्शन किया।

हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज पर मारपीट और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने देर रात हल्दूचौड़ चौकी पर प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी होने पर क्षेत्र के लोग, ग्राम प्रधान और पूर्व कैबिनेट मंत्री के पुत्र भी युवा छात्रनेताओं के समर्थन में सड़क पर आ गए। हंगामा देर रात दो बजे के बाद भी जारी रहा। लालकुआं कोतवाली प्रभारी ने छात्रों के आरोपों को गलत बताया। खबर लिखे जाने तक छात्रों का धरना-प्रदर्शन जारी था।

पूर्व छात्र संघ सचिव महेश बिष्ट ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे अपने पांच साथियों के साथ गोधाम दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी बीच केशव प्लाजा मूवी जोन के पास हम सभी पहुंचे थे तभी एक निजी गाड़ी उनके बगल में आकर रुकी। वाहन से उतरे हल्दूचौड़ चौकी इंचार्ज गौरव जोशी ने बिना कुछ कहे और सुने लाठी चला दी। लाठी छात्रसंघ सचिव खजान आर्या को लग गई।

आरोप है कि इस बीच छात्रों ने मोबाइल कैमरा ऑन करते हुए चौकी इंचार्ज से इसकी वजह पूछी तो वह अभद्रता पर उतारू हो गए और कहा कि जो करना कर लो, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। इसके बाद जोशी लाठी फटकारकर गालीगलौज करने लगे। बेवजह पुलिस की ओर से की गई मारपीट से नाराज छात्र चौकी पर ही धरने पर बैठ गए। मामले की जानकारी होने पर घटनास्थल पर 100 से ज्यादा छात्र पहुंच गए। छात्रसंघ सचिव खजान आर्या ने कहा कि अगर दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड और तबादला नहीं किया तो वह आमरण अनशन करेंगे। हंगामा बढ़ने पर ग्राम प्रधान हरेंद्र असगोला और रुक्मणी नेगी के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल के बेटे हेमवती नंदन दुर्गापाल भी मौके पर पहुंचे।

इस बीच कोतवाल दिनेश फर्त्याल मय फोर्स पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्र चौकी इंचार्ज गौरव जोशी को निलंबित करने पर अड़ गए। देर रात करीब सवा दो बजे तक सभी छात्र चौकी पहुंचे और वहां धरने पर बैठ गए। खबर लिखे जाने तक छात्रों का धरना-प्रदर्शन जारी था।



*एक व्यक्ति ने फोन किया था कि 15-20 लड़के देर रात हल्दूचौड़ रोड पर जमा हैं। पड़ताल के लिए पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें हटाने का प्रयास किया इस पर छात्र भड़क गए। मारपीट के आरोप गलत हैं। - दिनेश फर्त्याल, प्रभारी कोतवाल लालकुआं*

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देश भर के साथ-साथ नैनीताल पुलिस लाइन में भी जन्माष्टमी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन में जिले भर के थाने और कोतवाली स्तर पर झाकिया लगाई गई। जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया है। कुमाऊंनी-गढ़वाली गीतों की शानदार नृत्यमय प्रस्तुति से लोकसंस्कृति जीवंत हो उठी तो पंजाबी, सूफी गायन से देश की विविधता में एकता का पैगाम दिया गया, साथ ही देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। आधी रात को श्रीकृष्ण जन्म के साथ ही सांस्कृतिक संध्या का समापन किया गया। सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश ऋतू बाहरी, न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, न्यायाधीश राकेश थपलियाल, न्यायाधीश पंकज पुरोहित, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने दीप प्रज्वलित कर किया।







## मां पूर्णागिरी मंदिर, श्याम विहार हल्द्वानी में कृष्ण भक्ति में डूबे लोग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जन्माष्टमी के अवसर पर मां पूर्णागिरी मंदिर के प्रांगण में बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों तथा नृत्याकृती हल्द्वानी की छात्राओं द्वारा जया पाठक, के निर्देशन में सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कृष्ण भगवान को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वल्लन हरीश पांडे,डॉ. बीसी उप्रेती, पीतांबर दत्त आंदोला, एम जोशी द्वारा किया। प्रारंभ में कृष्ण वंदना पर सुंदर कथक नृत्य निवृता ने किया। रिद्धिमा जोशी, हर्षित जोशी, मयंक नेगी, माइल, गौरी, आदित्य, सिद्धि ने एकल नृत्य की प्रस्तुत की। तत्पश्चात भजनों की प्रस्तुति रोशनी चंदोला द्वारा घोर घाटा घनघोर भजन,वेदिका द्वारा यशोमती मैया से बोले नंदलाला भजन, रिद्धिमा, हिमाद्री द्वारा श्याम तेरी बंसी। ऐसी लागी लगन भजन पीयूष, आराध्या, केशव भूमिका द्वारा चलो मन वृंदावन की ओर भजनों की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात नित्याकृति के छात्राओं द्वारा कृष्ण के भजनों पर मनमोहक समूह नृत्यों की प्रस्तुति भार्गव, सौम्या, सुधि, इशिता, आराध्या वेदिका, दिव्यांशी, आयुषी दीपशिखा,मेघावनी परिनिधि, प्रतिष्ठा, रिद्धि आराध्या, सुरभि, पार्थवी, तारा, रूपल,आरोही, अनन्य द्वारा की गई।

इसके पश्चात महिलाओं सुंदर कीर्तन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन शर्मिष्ठा बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहयोग आनंद बिष्ट, प्रतिभा पंत ,कोमल, प्रमोदभट्ट ने किया। इस अवसर पर अजय पांडेय, हरीश पांडेय,महेश जोशी रेखा पीडी शर्मा ,संतोष चौधरी जीपीएस देउपा, जीबी लोहानी डॉक्टर आरके गुप्ता,डॉ राघव पांडे अनिल डब्बू जी,आनंद बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट , श्याम विहार समिति के सभी सदस्य गण तथा बड़ी संख्या में भक्तजन मन्दिर प्रांगण में उपस्थित रहे ।



## लोक गायक खुशी जोशी ने बांधा आधी रात तक समां

सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक खुशी जोशी दिगारी ने सुन ले ओ यशोदा मैया गाकर किया। जिसके बाद लागा चुनरी में दाग छुपाऊं कैसे समेत कई सूफी गीत तू माने या ना माने दिलदारा.. इसके अलावा कुमाऊंनी व देशभक्ति गीत संदेशे आते हैं.. की शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर नैनीताल आयुक्त दीपक रावत, विधायक सरिता आर्या, ब्लॉक प्रमुख डॉ हरीश बिष्ट,एसपी हरबंस सिंह, एसपी प्रकाश चंद्र, सीओ सुमित पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन नीरज भाकुनी ने किया।



## अंतर विद्यालय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिमखाना एवं डीएसए द्वारा आयोजित एवं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय एवं कुमाऊँ मंडल विकास निगम के सहयोग से प्रथम अंतर विद्यालय बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत सोमवार को तीन मैच खेले गए ।

प्रथम मैच आल सेन्टस कॉलेज नैनीताल और मोहनलाल बालिका विद्या मंदिर के मध्य खेला गया,जिसमें ऑल सेन्टस व्हाइट ने 2-0 से मैच जीता ।दोनों गोल ऑल सैन्टस कॉलेज की नंदिनी बिष्ट ने किये। दूसरा मैच ऑल सैन्टस कॉलेज रेड एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल के मध्य खेला गया जिसमें पांच गोल से विजय हासिल की ऑल साइंस कॉलेज ने। खनक गुप्ता ने तीन गोल और गुरु दृष्टिकौर ने दो गोल किए।अंतिम मैच सेंट मेरी कॉन्वेंट कॉलेजऔर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की टीम के मध्य हुआ। मैच में सेंट मैरी कॉन्वेंट कॉलेज ने दो के मुकाबले चार गोल से जीता। सेंट मैरी की यशस्वी तथा प्रणिका ने एक-एक गोल और गरिमा ने दो गोल किए जबकि भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की उमा बोराने दो गोल किए । इस मौके पर डीएसए के महासचिव अनिल गढिया, उपाध्यक्ष बिशन सिंह मेहता, फ ुटबॉल सचिव पवन खड़ायत,संतोष साह, धर्मेंद्र शर्मा,राजेंद्र जोशी, पुष्पा दरम्वाल तथा गोविंद सिंह बोरा,गोदावरी, दिव्या ढैला तथा हिमांशु सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. कुसुम ने नीब करौरी महाराज पर पुस्तक लिखी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर निवासी डॉ. कुसुम शर्मा ने महान संत बाबा श्री नीब करौरी महाराज पर एक पवित्र पुस्तक लिखी है, जिसमें महाराज के गृहस्थ और आध्यात्मिक जीवन का वर्णन किया गया है। महाप्रभु महाराज श्री नीब करौरी बाबा- पावन कथामृत नामक इस पुस्तक में बाबा के जीवन के कई अनकहे और अनछुए पहलुओं को उजागर किया गया है।

बता दें कि हाईकोर्ट में अधिवक्ता राजेश शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. कुसुम शर्मा नैनीताल के सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज में शिक्षिका हैं। उनकी कैंची धाम और श्री माँ महाराज पर अटूट श्रद्धा है। डॉ. कुसुम पूर्व में अल्मोड़ा आकाशवाणी में उद्घोषिका रह चुकी हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाली डॉ. कुसुम शर्मा ने पहले भी संत श्री नीब करौरी महाराज जी की शिष्या मौनी माँ के विषय में दो पुस्तकें लिखी थीं। श्री महाराज की पुत्री ने उन्हें पढने के बाद डॉ. कुसुम शर्मा को श्री महाराज के जीवन के विषय में लिखने की प्रेरणा दी। डॉ. कुसुम ने कहा कि



एक महात्मा के गृहस्थ जीवन पर लिखते समय आलोचना का सामना न करना पड़ेए इसलिए उन्होंने महाराज जी का ध्यान कर यह प्रश्न किया।

तब महाराज ने स्वप्न में अनुमति देते हुए कहा तुम लिखो पर उन्हें भगवान के रूप में वर्णित न करना। विमोचन के मौके पर मंदिर से जुड़े महेंद्र पाल सिंह, कान्हा साह, सावित्री भंडारी, बीना सांगुड़ी, मंजू साह, कंचन साह, चंपा, प्रथमेश शर्मा, वागीशा शर्मा, सुरेश चंद्र कोटलिया, दिनेश साह, धान्यता, समृद्धि,श्री मुनगली, प्रमिला पंत, अधिवक्ता नरेंद्र पपनोई, कमलेश तिवारी, ललित शर्मा, विजय सिंह पाल, मानव शर्मा, सौरभ अधिकारी, बीके सांगुड़ी, अनिल जोशी, प्रेम संभल तथा अखिल जोशी आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### 12 अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी व 22 निर्वाचन अधिकारी मनोनीत

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव हेतु नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह अधिकारी ने 12 अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी व 22 निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह अधिकारी ने अनिल जोशी, गोपाल के. वर्मा, प्रमोद बेलवाल, पूरन सिंह रावत, अंजलि भार्गव, राजेश जोशी, बिन्नी मेहरा, गंगा सिंह नेगी, राजेश शर्मा, पवन मिश्रा, करन आनंद तथा वीरेंद्र कपरवाण को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया है। उन्होंने राजीव भट्ट,निरंजन भट्ट, राहुल कंसल, घनश्याम जोशी, बीएस भंडारी, मीना पचोलिया, अकरम परवेज, सैयद काशिफ जाफरी, रजनी सुपियाल, वंदना सिंह, पंकज कपिल, शीतल, दीपा आर्य, अविदित नौनियाल, गौरव जोशी,अमनजोत सिंघी, सिद्धार्थ सिंह नेगी, स्वेता डोभाल, गरिमा थापा तथा शिवम राणा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है।

### यक्ति से मारपीट कर तीन युवक मोबाइल लेकर भागे

**नैनीताल** ।नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक व्यक्ति से मारपीट कर तीन युवक उसका मोबाइल लेकर भाग गए। शिकायत के बाद सुबह पुलिस ने युवकों की खोजबीन की तो एक युवक मोबाइल लेकर कोतवाली पहुँच गया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल मस्जिद के पीछे देर रात घर जा रहे एक व्यक्ति से युवकों का विवाद हो गया। विवाद के दौरान नशे में युवकों ने व्यक्ति को पीट दिया। जिसके बाद वह उसका मोबाइल छीनकर भाग गए। व्यक्ति ने इसकी सूचना चीता कांस्टेबल को दी तो उन्होंने युवकों की खोजबीन शुरू कर दी। इधर सोमवार को मल्लीताल एक युवक मोबाइल लेकर चीता कांस्टेबल के पास पहुंच गया। युवक के अनुसार उसके दो साथियों ने देर रात व्यक्ति के साथ मारपीट की ।जिसके बाद उन्होंने मोबाइल छीन उसकी जेब में डाल दिया लेकिन उसको इस बात का पता सुबह चला और वह पुलिस के पास आ गया। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मारपीट में शामिल मल्लीताल निवासी दिनेश के खिलाफ चालानी करवाई कर छोड दिया है जबकि अन्य दो युवकों की खोजबीन जारी है।

### होटल में युवक को लडक़ी ले जाना पड़ा भारी

**नैनीताल** ।नगर के तल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में एक युवक को लडक़ी ले जाना भारी पड़ गया। स्थानीय दुकानदार ने युवक को पीट - पीट कर भगा दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में एक पर्यटक होटल के कमरे में रुका था जहाँ उससे मिलने एक उसकी महिला मित्र आई। महिला मित्र के जाने के बाद होटल के समीप दुकान में युवक जब सामान खरीदने पहुंचा तो दुकानदार ने युवक से लडक़ी के विषय में पूछा। इस दौरान दुकानदार गुस्से में युवक को फ टकार लगाने लगा। युवक के विरोध जताने पर दुकानदार मारपीट में उतर आया। इस दौरान अन्य लोग भी युवक पर हाथ साफ करने लगे। हंगामा होने के बाद होटल कर्मियों ने किसी तरह युवक को पिटने से बचाया। जिसके बाद युवक अपना सामान लेकर होटल से चला गया हांलाकि मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है। तल्लीताल के थाने के प्रभारी एसओ अविनाश मौर्य ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, शिकायत मिलने पर कारवाई की जाएगी।

### पर्यटकों का वीडियो उनकी बीवी तक भेजने पर विवाद

**नैनीताल।** दिल्ली से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों का वीडियो उनकी बीवी तक भेजने पर विवाद हो गया। बीवी को वीडियो भेजने पर पर्यटक ने अपने ही दोस्त पीट दिया। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया जानकारी के अनुसार दिल्ली से चार दोस्त घूमने के लिए रविवार को नैनीताल पहुंचे थे। शाम को तल्लीताल के एक होटल के कमरे में चारों दारू पार्टी कर रहे थे। इस दौरान एक दोस्त ने पार्टी की वीडियो बनाकर दूसरे दोस्त की बीवी को भेज दी जिसके बाद बीवी ने अपने पति को फ ोन कर जमकर फ टकार लगाई। जब युवक को पता चला कि उसके दोस्त ने ही वीडियो बनाकर उसकी बीवी को भेजी है तो वह आग बबूला हो गया। युवक ने वीडियो भेजने वाले दोस्त की पिटाई कर दी। दोस्त से पिटने के बाद वीडियो बनाने वाले युवक ने पुलिस को फ ोन कर सूचित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो अन्य युवकों ने सच्चाई बताई। प्रभारी एसओ अविनाश मौर्य ने बताया कि किसी की ओर से कार्रवाई न चाहने पर आपसी समझौता हो गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## रुद्रपुर में जगह-जगह जन्माष्टमी पर्व पर कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सोमवार रात को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने शहर और आस पास के कई स्थानों पर आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी।

ठुकराल ऊवार्ड शुभ डील्स कॉलोनी,रूद्र एनक्लेव , राधा कृष्ण मंदिर ट्रांजिट कैंप,राजा कॉलोनी मंदिर,श्री कल्यानेश्वर महादेव मंदिर सिंह कॉलोनी,इस्कॉन मंदिर सिटी क्लब ,खेड़ा में बाल्मीकि नगर सहित अग्रवाल धर्मशाला में पहुंच कर जन्माष्टमी के कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। इसके अलावा पूर्व विधायक ठुकराल ने कई अन्य जगहों पर प्रतिभाग किया एवं प्रभु के विभिन्न स्वरूपों में सजाई गई झाँकियों में दर्शन कर शीश नवाकर क्षेत्र में सुख स्मृद्धि एवं शांति की कामना की द्य इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल का आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया



एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अंगवस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। इस मौके पर ठुकराल ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाया जाता है।धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। धार्मिक पर्वो के पीछे कोई न कोई संदेश छिपा होता है। आज युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर भाग रही है। हमें युवा पीढ़ी को पाश्चात्य के अंधानुकरण से रोकना होगा। धर्म की राह चलकर ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं।
इस दौरान भारत भूषण चुघ ,पूर्व मेयर रामपाल सिंह,अनिल चौहान,मनोज गुप्ता,सुशील यादव,युगल किशोर, शुभम गुप्ता, आकाश गुप्ता, रोहित यादव, मोहित निषाद, गजानंद, जय भारत, सुखदेव, मुरली, राम अवतार, शंभू मौर्य, श्री देवी निषाद, पंडित सत्यनारायण, देवकी बिष्ट , अर्चना राय , दीपा मोदी, मधु सिंह , रीता सक्सेना , निशा सिंह, छवि अग्रवाल , रजनी भंडारी अर्चना सिंह , संजय सिंह , प्रदीप सक्सेना ,मनीष गोस्वामी, आदेश राणा, सुरेखा चौहन,अनीता गहलोत, पूर्व प्रधान विमला देवी, हिमांशु, चौहान,गीता,मधु,खूब सिंह, पंडित दुर्गा,विनीत, अभिमन्यु ढींगरा, अक्षय मित्तल, दुर्गेश श्रीवास्तव, रामपाल राठौर, आदि लोग थे।

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## खोखले दावे

*राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की रिपोर्ट ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधन विकास के दावे को खोखला साबित कर दिया है। हर साल करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, परन्तु ओवरऑल प्रदर्शन के राष्ट्रीय पैमाने पर कुमाऊं का एक भी विश्वविद्यालय और कालेज खरा नहीं उतरा। अलग राज्य बनने के बाद विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों नये उद्योगों की स्थापना की गई। उद्योगों के लिए कुशल तकनीशियन उपलब्ध कराने के लिए दर्जनों नये इंजीनियरिंग कालेज खोले गये। कुछ इंजीनियरिंग कालेजों ने डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा लेकर मोटी फीस के आधार पर बिना मैरिट के प्रवेश देकर इंजीनियरिंग की डिग्री बांट दी।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद कांग्रेस और भाजपा ने सत्ता संभाली। दोनों पार्टियों ने चुनाव में एक-दूसरे पर आरोप लगाये, लेकिन राज्य के विकास के दावे करने में एक जैसी स्थिति रही। राज्य के विकास के दावों की पोल समय-समय पर खुलती रही है। अब राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की रिपोर्ट ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधन विकास के दावे को खोखला साबित कर दिया है। हर साल करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, परन्तु ओवरऑल प्रदर्शन के राष्ट्रीय पैमाने पर कुमाऊं का एक भी विश्वविद्यालय और कालेज खरा नहीं उतरा। अलग राज्य बनने के बाद विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों नये उद्योगों की स्थापना की गई। उद्योगों के लिए कुशल तकनीशियन उपलब्ध कराने के लिए दर्जनों नये इंजीनियरिंग कालेज खोले गये। कुछ इंजीनियरिंग कालेजों ने डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा लेकर मोटी फीस के आधार पर बिना मैरिट के प्रवेश देकर इंजीनियरिंग की डिग्री बांट दी। डीम्ड यूनिवर्सिटी और कालेज में छात्रों को तकनीकी जानकारी के लिए मानक के आधार पर लैब और वर्कशाप नहीं है। बीटेक की डिग्री वाले रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इसी तरह मेडिकल कालेज और मैनेजमेंट कालेज खुल गये हैं। मेडिकल कालेजों में फैकल्टी पूरी नहीं है। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम बार-बार निरीक्षण करके मेडिकल कालेजों और अस्पतालों से कमियां दूर करने की हिदायत देती है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की रिपोर्ट में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर का कार्य संतोषजनक माना गया है। जबकि राज्य में चार सौ कालेज और 41 विश्वविद्यालय हैं। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से हर साल हजारों डिग्री प्रदान की जाती हैं, किन्तु यह विश्वविद्यालय भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान नहीं बना पाया। शोध की श्रेणी में केवल आईआईटी रुड़की को छोड़कर एक भी संस्थान जगह नहीं बना पाया है। हर साल हजारों छात्र-छात्रों को शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाती है, ऐसी स्थिति में शोध की गुणवत्ता और मानक पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शोध के लिए नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होने पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का चयन होता है, परन्तु विज्ञान को छोड़कर अन्य विषय में शोध प्रबंध के लिए ज्यादातर एक्सपर्ट मेहनत से बचते हैं और पुराने शोध प्रबंधों में से नकल के आधार पर नई थीसिस तैयार करवा देते हैं। उच्च शिक्षा के स्तर में गिरावट को झुठलाना आसान नहीं है। अब तो रिपोर्ट ने भी सच को उजागर कर दिया है। विश्वविद्यालयों व कालेजों की संख्या बढ़ने से गुणवत्ता नहीं आयेगी।

# राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने ली अधिकारियों के साथ बैठक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने ऊधम सिंह नगर में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं का संज्ञान लेते हुए कलेक्ट्रेट के सभागार में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बैठक ली। उन्होंने एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी से घटनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि महिलाओं व हमारी बच्चियों के साथ जो घटनाएं हुई है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए समाज के हर वर्ग को एवं हम सबको जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस, आयोग आदि सभी विंग अपना-अपना कार्य करती है। महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की घटना हो, राज्य महिला आयोग तत्काल संज्ञान लिया जाता है और सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल पीड़िता एवं उनके परिजनों को राहत देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाते हैं। उन्होंने मदरसे में मौलवी द्वारा छोटी-छोटी बच्चियों के साथ किये गए कृत्य की निन्दा करते हुए चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब तक मदरसे जैसी जगहों पर बच्चियां सुरक्षित नहीं है तो हम सबको जागरूक होना होगा कि अपने बच्चों के भविष्य को एक सुरक्षित माहौल दे सकें। इस प्रकार की घटना किसी भी दशा में बर्दाश्त करने वाली नहीं है। उन्होंने एसएसपी को जनपद के मदरसों एवं जहाँ इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हो ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर वहाँ रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सत्यापन कराएं ताकि ऐसे असामाजिक तत्व हमारे समाज में न घुस पाएं। ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। ताकि समाज में अपराधियों के मन मे भय व्याप्त हो और हमारी बेटियां एक सुरक्षित हवा में सांस ले सके। उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग हर बेटी, महिला के साथ खड़ा है, देवभूमि में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है।। यदि किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न होगा तो आयोग उसको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने निजी अस्पताल की नर्स हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वह मृतका के परिजनों से मिली और उन्हें हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, आईपीएस अधिकारी सीओ निहारिका तोमर, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन डीपीओ मुकुल चौधरी आदि मौजूद थे

**जांच**

- राज्य महिला आयोग भी कर रही घटनाओं की जांच

## दो मासूम बेटियों को लेकर कुएं में कूदी, खुद बचकर पहुंची घर

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। एक महिला अपनी दो बेटियों को लेकर कुएं में कूद गई। पानी की उछाल से ऊपर आने से खुद तो बच गई, लेकिन दोनों बेटियों की डूबकर मौत हो गई।

सोनभद्र जिले के घोरावल कोतवाली क्षेत्र के लीलवाही गांव में बड़ी घटना सामने आई है। दो मासूम बेटियों को साथ लेकर मां घर के पास कुएं में कूद गई। पानी के उछाल मारने पर मां तो बाहर आ गई, लेकिन दोनों बेटियां हाथ से छूटकर कुएं में डूब गई। घटना सोमवार की देर रात की है। घर पहुंचने के बाद पति ने बेटियों के बारे में पूछताछ की तो महिला पहले टाल मटोल करती रही। काफी कोशिशों के बाद उसने घटना की जानकारी दी और खुद भी फांसी लगाने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों बच्चियों का शव बरामद कर लिया है। घटना के पीछे घरेलू विवाद को कारण बताया जा रहा है। लीलवाही निवासी अमरेश कोल मजदूरी करता है।

# मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की जयन्ती मनाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता



शिल्पकार सभा भवन नैनीताल में रविवार को सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 प्रहलाद आर्य की अध्यक्षता में मुंशी हरि प्रसाद टम्टा की 138वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ मुंशी हरि प्रसाद टम्टा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस मौके पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने मुंशी हरि प्रसाद टम्टा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज ही के दिन 26 अगस्त 1887 को मुंशी हरि प्रसाद टम्टा का जन्म गोविन्द प्रसाद एवं गोविन्दी देवी के घर हुआ। बचपन में ही पिता के निधन के बाद उनका पालन पोषण उनके मामा कृष्णा टम्टा ने किया। सन1902 में प्रथम श्रेणी में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की तथा उर्दू और फ़ारसी में शिक्षा ग्रहण कर मुंशी की उपाधि ग्रहण की थी। अल्मोड़ा में 1911 में जार्ज पंचम की बैठक में अपने मामा के साथ गए हरि प्रसाद टम्टा को सवर्णों ने अपने साथ बैठाने व कुर्सी देने से इन्कार कर दिया। इस घटना से आहत होकर उन्होंने सामाजिक असमानता को दूर करने का संकल्प लिया। 1914 में शिल्पकार सभा की स्थापना की जबकि 1926 में शिल्पकार नाम की मान्यता दिलाई। शिल्पकार समाज के लोगों को 35 हजार एकड़ भूमि आवंटित कराई तथा 150 स्कूल खुलवाये। सेना व पुलिस में भर्ती करवाया। 1913 में अल्मोड़ा नगर पालिका के मेंबर चुने गए जबकि 1934 में समता अखबार चलाया। 1936 में गोंडा से विद्यायक तथा 1942 से 1945 तक अल्मोड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। 1930 में प्रथम गोलमेज सम्मेलन में डॉ0 अम्बेडकर को दलित प्रतिनिधि होने संबंधी तार भेजा जिससे लंदन में दलित प्रतिनिधि के रूप में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने प्रतिभाग किया। अल्मोड़ा डिग्री कालेज को भूमि प्रदान की थी। 23 फरवरी 1960 को उनका निधन हुआ। अंत में विचार गोष्ठी का समापन किया गया।

कार्यक्रम में संजय कुमार संजू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नैनीताल, डॉ0 प्रहलाद आर्य, राजेन्द्र प्रसाद,सुरेश चन्द्र, इंद्र कुमार तथा देवेन्द्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे। संचालन शिल्पकार सभा के महामंत्री देवेन्द्र प्रकाश ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## स्त्री 3 में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय कुमार



*स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ रही है। यह पहली हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो इतनी शानदार कमाई कर रही है। अमर कौशिक की इस फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के कैमियो की भी खूब चर्चा हुई थी। अब हाल ही में, अक्षय कुमार के कैमियो पर लेखक निरेन भट्ट ने कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि न सिर्फ मुख्य कलाकार ही सबका ध्यान अपनी ओर नहीं खींच रहे हैं, बल्कि कैमियो भी सभी को पसंद आ रहे हैं। स्त्री 2 में अभिनेता अक्षय कुमार के कैमियो ने काफी चर्चा बटोरी है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में फिल्म के लेखक निरेन भट्ट ने अक्षय के किरदार पर आधारित एक स्टैंडअलोन फिल्म की संभावना पर चर्चा की है। अक्षय के किरदार के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर और क्या स्त्री यूनिवर्स की भविष्य के सीक्वल में उन्हें और अधिक प्रमुखता से पेश करने की योजना है। इस सवाल पर लेखक निरेन भट्ट ने इंडिया टुडे को बताया, मैं ज्यादा कुछ नहीं बता पाऊंगा। लेकिन, निश्चित रहें, हमारे पास यूनिवर्स के हर किरदार के लिए योजनाएं हैं। यहां तक कि उनमें से सबसे छोटे और सबसे बड़े किरदार के लिए भी। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में अक्षय की भूमिका और भी महत्वपूर्ण भूमिका में बदल सकती है। निरेन के आगे बताया, इस यूनिवर्स में सभी पात्र एक-दूसरे को ढूंढते हैं और किसी न किसी तरह से एक-दूसरे से बातचीत करते हैं।*

### कहानियां ढूंढना है

*हम इस यूनिवर्स में बहुत सारी फिल्में बना सकते हैं। और कौन इस तरह की एकल फिल्म नहीं बनाना चाहेगा? हमारा काम सबसे अच्छे पॉइंट्स पर काम करना और सबसे अच्छी कहानियां ढूंढना है। जब तक हम इस यूनिवर्स के लिए कोई स्क्रिप्ट तैयार नहीं करते हैं। तब तक हमारे लिए आकाश ही सीमा है। कुछ भी हो सकता है। बता दें कि स्त्री 2 ने 14 अगस्त की रात को रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचा दिया।*

# शहीद मेजर चंद्रशेखर मिश्रा पार्क में पौधरोपण, पौधे भी बांटे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मार्निंग वाकर क्लब के तत्वावधान में नैनीताल रोड स्थित शहीद मेजर चंद्रशेखर मिश्रा पार्क में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण पर्यावरण प्रेमी आशुतोष पंत के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर फलदार तथा छायादार तथा फूल के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर डा.पंत ने कहा कि वह हर वर्ष 10000 से अधिक पर्यावरण सुरक्षा तथा हरियाली और ऑक्सीजन की महत्ता के लिए पौधे गांव गांव जाकर वितरित करते हैं। आज भी शहीद मेजर चंद्रशेखर पार्क में मॉर्निंग वॉकर क्लब के सदस्यों को पौधे वितरित किये गये। पौधारोपण में प्रमुख रूप से क्लब के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पांडे, सुभाष गुप्ता, आरपी सिंह भुवन छिम्वाल, चरनजीत सिंह सेठी, जिप्पी भाई, विपिन बल्यूटिया, सागर चन्द, उमेश सैनी, भुवन जोशी, बलजीत आनंद, मंजीत सेठी, सोनू साहनी, राजेश गुप्ता, नीरज टेकरीवाल, हरजीत सिंह विज, डा.राजीव गुप्ता, दामोदर गुप्ता, रामकिशोर शर्मा, कन्हैया गुप्ता, राजपाल, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद थे। इस दौरान क्लब के हरीश पांडे ने कहा कि मार्निंग वाकर क्लब ने शहीद चन्द्रशेखर मिश्रा पार्क गोद लिया है, इस पार्क में रोजाना क्लब के सदस्य बैडमिंटन खेलते हैं तथा व्यायाम करते हैं। क्लब ने खुद अपने संसाधनों से पार्क को स्वच्छ तथा हराभरा रखा है।



## News कॉर्नर

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई के सौरभ प्रदेश महामंत्री बने



**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने शहर के प्रतिष्ठित युवा कारोबारी सौरभ अग्रवाल को आजीवन सदस्य के साथ ही युवा इकाई का प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी युवा आफताब हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल दत्त भट्ट, महामंत्री राजकुमार केसरवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा विनय सिंह चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री अविनाश गुप्ता, नंदन सिंह चौहान, बालम सिंह बिष्ट, कृष्ण कुमार आगरी, जगजीत सिंह चड्डा, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, हर्ष जलाल,भास्कर सुयाल, मनोज खुलबे, हिमांशु मेर ने हर्ष जताया है। इस बीच सौरभ अग्रवाल ने अपने मनोनयन पर संगठन का आभार व्यक्त किया।

### अल्मोड़ा में 21 वाहन चालकों का चालान

**अल्मोड़ा।** यातायात पुलिस ने जिले के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, तेज रफ्तार वाहन का संचालन करने पर 21 वाहन चालकों का चालान किया गया। सीओ विमल प्रसाद ने बताया कि वाहन चालकों से 10000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

## बिरूड़ पंचमी अमुक्ताभरण सप्तमी व आंठू लोक पर्व का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती रुसी गांव की महिलाओं की ओर से सामूहिक रुप से बिरूड़ पंचमी अमुक्ताभरण सप्तमी व दूर्वाष्टमी व आंठू लोक पर्व का आयोजन किया गया। बता दें स्थानीय महिलाओं के द्वारा सामूहिक रूप से देवकी देवी के आवास पर यह लोक पर्व मनाया गया। देवकी देवी ने बतलाया कि उनकी सास के द्वारा विवाह के बाद इस अनुष्ठान को रूसी गांव में यहां आरम्भ किया गया क्योंकि उनके मायके में यह लोक पर्व मनाया जाता था उसके बाद उनकी बहू गीता बिष्ट तथा सभी गांव की



महिलाओं के सहयोग से ये लोक परम्परा आज भी प्रति वर्ष यहां मनायी जा रही है। इस वर्ष मूर्तियों का विसर्जन 28 अगस्त (बुधवार) को होगा। इस मौके पर कंचन गोस्वामी,सपना मेहरा, वन्दना खनी, सलोनी गैलाकोटी तथा नैना गैलाकोटी तथा अंजलि खली के द्वारा गंवरा मैसर व बाला कि मूर्तियों (पुतलों) का निर्माण किया गया। निर्माण के उपरांत आचार्य हरीश चंद्र जोशी के द्वारा इन मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा व पूजन किया गया। इसके बाद पंडित जोशी ने महिलाओं के बीच से उठ जाते हैं और महिलाऐं स्वतन्त्र होकर इस दूब घास से बने दूब ज्यौड़ को गले तथा डोर धारण करती है। लोक गीतों का गायन पंचमी से आरम्भ हो जाता है। इस शुभ अवसर पर सामूहिक रूप से देवकी देवी के आवास पर गीता बिष्ट, ममता बिष्ट, दीपा जोशी, तारा गोस्वामी, भागीरथी गोस्वामी, चम्पा देवी, चन्द्रा खनी, तारा मेहरा समेत दर्जनों महिलाओं ने गायन,वादन तथा कथा वाचन तथा लोक नृत्य गीतों व नृत्यों में सहभागिता की। इस मौके पर सहयोगी के रूप में पारंपरिक लोक संस्था परंपरा के निदेशक बृज मोहन जोशी समेत नन्दन सिंह बिष्ट, गोविन्द सिंह बिष्ट, विजय बिष्ट तथा गोपाल बिष्ट आदि ने विशेष सहयोग किया।

## मुकदमा: युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप से किशोरी को बिलासपुर निवासी एक युवक बहला फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के पिता ने पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने युवक व किशोरी की तलाश शुरू कर दी।

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ रहकर मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता है। वह 18 अगस्त 2024 गाँव पीलीभीत रक्षाबंधन पर गया था। घर पर उसका बेटा और नाबालिग लड़की रह गये। बेटा ड्यूटी चला गया। जब शाम को बेटा 7बजे घर वापस आया तो पुत्री घर पर नहीं थी। बेटे ने पुत्री की आस पड़ोस में पता किया गया। पता चला कि पुत्री शाम 4बजे ही घर से चली गयी थी। पुत्र ने सूचना उसे दी तो वह भी अगले दिन यानी 19 अगस्त 24 को रुद्रपुर पहुंचा। पुत्री की हर जगह तलाश की, कहीं भी पता चला। पीड़ित के मुताबिक पुत्री घर पर रखे 10,000/- रूपये,सोने के कुंडल, मंगल सूत्र व पायल ले गयी है। पुलिस को बताया कि उसी दिन एक नंबर से कॉल आई और कहा कि पारस की भाभी बोल रही हूं,मुझे अपनी पुत्री का आधार कार्ड दे दो लड़की हमारे पास ही है। बाद में उस महिला ने उसकी पुत्री से भी बताई। इसके बाद उसने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह किसी पारस को नहीं जानता। बाद में उसने पुत्री की सहेलियों के विषय में पता किया कोई पारस को जानता हो तो पता चला कि नंदिनी निवासी रम्पुरा को सारी सूचना है। उससे बात करने पर पता चला की पारस पुत्र भगवान दास निवासी थाना बिलासपुर मुंडिया खुर्द कॉलोनी जिला रामपुर का निवासी है और पुत्री को वह ही ले गया।

उसने पारस के मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो उसने कहा कि मेरे परिवार के साथ कुछ किया या पुलिस के पास गए तो लड़की को जान से मार दूंगा। पारस पर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई। पीड़ित ने पुत्री के साथ अनहोनी की भी आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तलाश में पुलिस की टीमें लगाई गई है।

## कला पर व्याख्यान तथा कार्यशालाएं और प्रस्तुतियों की श्रृंखला आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**आयोजन**

● संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का समर्थन

संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का समर्थन करने के उद्देश्य से आयोजित कला धरोहर पहल के अंतर्गत देशभर के विभिन्न विद्यालयों में प्रदर्शन कला पर व्याख्यान तथा कार्यशालाएं और प्रस्तुतियों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में नवोदय विद्यालय सुयालवाड़ी के बच्चों के लिए दो दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध संगीतज्ञ डॉ. रवि जोशी ने शिरकत की। कार्यशाला के दौरान डॉ. रवि जोशी ने बच्चों के बीच मीराबाई के भजनों का सजीव और भावपूर्ण गायन किया जिससे बच्चों में भक्ति और आध्यात्मिकता की गहरी भावना जागृत हुई। उन्होंने भक्ति काल के साथ.साथ सगुण और निर्गुण भजनों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को मीराबाई का सुप्रसि भजन पायो जी मैंने राम रतन धन पायो--- शास्त्रीय संगीत की प्राचीन परम्पारा अनुसार सिखाया, जिससे बच्चों ने भक्ति संगीत की गहराई और माधुर्य को महसूस किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी सजीव प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने जो कुछ सीखाए उसे प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।इस कार्यशाला का आयोजन मीराबाई की 525वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया।

## पांच साल की अंजलि को उपचार के लिए मदद की है दरकार



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिला निवासी पांच साल की अंजलि को मदद की दरकार है। अंजलि बीते फरवरी माह में जल गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उसका उपचार नहीं हो पा रहा है। उसका हाथ शरीर से चिपक गया है, उसकी प्लास्टिक सर्जरी होनी है। समाजसेवी हेमंत गोनिया ने अंजलि की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

समाजसेवी गोनिया के अनुसार हरिनगर तल्लीताल निवासी अंजलि बिष्ट पुत्री राकेश बिष्ट का सुशीला तिवारी व बीडी पांडे अस्पताल में उपचार कराया गया। यहां उसे उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। बताया कि अंजलि की मां निर्मला बिष्ट मजदूरी कर घर का खर्च चलाती है। अब तक अंजलि के इलाज में दो लाख से अधिक की धनराशि खर्च हो चुकी है, यह राशि भी कर्ज से जुटाई गई है। गोनिया ने बताया कि अंजलि के उपचार के लिए सांसद अजय भट्ट से भी वार्ता की गई।

इस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अंजलि को एम्स ऋषिकेश भेजने के लिए एंबुलेंस महैया कराई गई। मंगलवार को अंजलि को एंबुलेंस से ऋषिकेश भेजा गया। गोनिया ने अंजलि के माता-पिता की मदद की अपील की है। इसके लिए अंजलि के पिता का गूगल नंबर 8869813815 जारी किया है।

### जयंती पर याद किए गए समाज सुधारक मुंशी हरि प्रसाद टम्टा

**अल्मोड़ा।** समाज सुधारक मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की 137वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया। मुंशी हरि प्रसाद टम्टा धर्मशाला पुर्ननिर्माण संघर्ष समिति की ओर से चौघानपाटा स्थित ले. कर्नल सतीश चंद्र जोशी पार्क में स्थित टम्टा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र आर्या ने कहा कि मुंशी हरि प्रसाद टम्टा ने 1924 में उत्तराखंड में शिल्पकारों का सम्मेलन आयोजित किया। उन्होंने शिल्पकार सभा के माध्यम से प्राथमिक और प्रौढ़ स्कूलों की स्थापना कर शिक्षा की अलख जगाई।

## बीआरसी महरागांव में शीघ्र ही चुनाव कराए जाने का निर्णय

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद शाखा नैनीताल की बैठक सोमवार को बीआरसी महरागांव (भीमताल) में हुई जिसमें विकास खण्डों में शीघ्र ही चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रांतीय तदर्थ समिति के सदस्य मनोज तिवारी ने निर्देश दिए कि सभी विकास खंड सदस्यता सूची को अपने विकास खंडों के आम शिक्षकों के अवलोकनार्थ ब्लॉक ऑफि स, सीआरसी ऑफि स एवं विकास खंडों के ग्रुप में प्रसारित और प्रसारित कर दें ताकि शिक्षक को कोई आपत्ति हो तो उसको प्राप्त करते हुए उसका निराकरण कर शीघ्र ही सूची जनपद से अनुमोदित कर ली जाए ताकि यथा समय ब्लॉकों से चुनाव प्रारंभ करते हुए जनपद के चुनाव संपन्न कराये जा सकेंगे। बताते चलें कि बिगत दो वर्षों से संगठन के चुनाव लंबित हैं। प्रांतीय सदस्य समिति के निर्देश के अनुसार 16 अगस्त तक अनिवार्य रूप से सभी विकासखंडों को सदस्यता पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं, सभी विकास खण्डो द्वारा सदस्यता का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष नंद राम, जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार, हरिश्चंद्र आर्य, इंद्र सिंह रावत, बंशीधर कांडपाल, नवीन चंद्र, कमल कुमार गिनती, पूरन चंद्र पंत,मदन सिंह वर्तवाल, दीपक राठौड़, नूर मोहम्मद, प्रकाश चंद्र, मनोज मोहन कश्मीरा, त्रिलोकी नाथ, सुरेश जोशी, कैलाश चंद्र पंत, प्रकाश चंद तिवारी, मोहम्मद तारीख,हेमंत कुमार पांडे, जगमोहन सिंह पडियार, बहादुर सिंह रावत, जीवन सिंह वोरा, अमिता क्वीरा, उषा देवी , सतीश नैनवाल, शाहिद समेत विभिन्न विकास खंडों के पदाधिकारी व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## हिमालय क्लाइमेट चेंज एवं प्रभाव विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित भूगोल विभाग के प्राध्यापक व ऑर्गेनिशिंग सेक्रेटरी डॉ. पीसी चन्याल ने कहा जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालय की स्थानीय वनस्पतियों और जीव-जंतुओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कई पादप और जीव प्रजातियों की जीवन शैली और आवास में परिवर्तन देखा गया है तथा जल संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है, जिससे सिंचाई, पेयजल और जलविद्युत उत्पादन में कमी आ सकती है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित भूगोल विभाग की ओर से तीन दिवसीय हिमालय क्लाइमेट चेंज एवं प्रभाव पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान डॉ. चन्याल ने कहा हिमालय में



जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी और उनकी पारंपरिक ज्ञान को महत्व देना चाहिए। यह स्थानीय जीवकोपार्जन बढ़ने के साथ साथ जलवायु परिवर्तन से सामंजस्य बनाने में सहयोग करेगा।श्रीलंका के प्रो. सुरेश अहलूवालिया ने कहा जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालय की हिमनदियां तेजी से पिघल रही हैं, जिससे नदियों में जल स्तर बढ़ रहा है और समुद्र तल में वृद्धि हो रही है। इससे कुछ ही वर्षों में भारत और श्रीलंका के तट पूरी तरह से जलमग्न हो जाएंगे। यह एक वैश्विक चिंता का विषय है। वहीं चीफ ऑर्गेनिशिंग सेक्रेटरी डॉ. वाजिद हसन ने कहा हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर अनुसंधान और जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि लोगों को जलवायु परिवर्तन के खतरों के प्रति सचेत किया जा सके। इसके साथ ही इंडोनेशिया, नाइजीरिया, नेपाल, फिजी, टर्की, सीरिया, मिश्र, अल्जीरिया , श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड, यूनाइटेड किंगडम आदि ने जुड़े विशेषज्ञोंन ने विचार रखे।